# सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

राज्य परियोजना कार्यालय,

उ0प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद्, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226 007

सेवा में,

सुश्री उर्वशी शर्मा
Social Worker & RTI activist
एफ0–2286, राजाजीपुरम,
लखनऊ–226017

पत्रांकः सू0काअ0/निर्माण/ 4720 /2012–13 लखनऊ दिनांक 11 जनवरी, 2013

विषयः **सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया अपने पत्र दिनांक 10.10.2012 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत राज्य परियोजना कार्यालय में दिनांक 27.11.2012 को प्राप्त हुआ है।

सन्दर्भगत प्रकरण में बिन्दुवार सूचना निम्नवत् है :–

| क0 सं0 | बिन्दु | सूचना |
|---|---|---|
| **A** | 1- Funds released by Central Government to State of Uttar Pradesh under Centre's Sarva Shiksha Abhiyan (SSA) for construction of toilets in primary schools, | वर्ष 2007–08 से वर्ष 2011–12 तक कुल 1538 शौचालय सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्वीकृत किये गये थे, जिनमें से 1538 शौचालयों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जो 100% है। भारत सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शौचालयों के निर्माण हेतु ₹ 0.24 लाख की इकाई लागत के अनुसार परिव्यय अनुमोदित किया गया है। 01.04.2007 से 31.10.2012 तक शौचालय निर्माण हेतु अनुमोदित बजट के सापेक्ष जनपदों को कुल ₹ 3225.81 लाख अवमुक्त किया गया। भारत सरकार से धनराशि एक मुश्त प्राप्त होती है, मदवार प्राप्त नहीं होती है। |
| | 2- Districtwise data on funds released by State Government to district head/competent authority of basic education with number of toilets proposed to be constructed under SSA in the government's Univeersalisation of Elementry Education (UEE) mission for construction of toilets in Government schools of Uttar Pradesh; | राज्य सरकार द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत राज्यांश के रूप में एक मुश्त धनराशि अवमुक्त की जाती है न कि मदवार।<br>सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत केन्द्रांश तथा राज्यांश दोनो की धनराशि सम्मिलित होती है। **जनपदवार अवमुक्त/व्यय धनराशि की सूचना संलग्न है।** वर्ष 2012–13 में 3660 शौचालयों के निर्माण हेतु जनपदों को कुल ₹ 878.24 लाख धनराशि राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा अवमुक्त की गयी है। |
| | 3- Districtwise data on Funds utilized by district head/competent authority of basic education with no. of toilets actually constructed under SSA with complete details; | |

दूरभाष : 2780995, 2781316 फैक्स : 0522-2781123, 2780998, 2791316 ई-मेल : spdup@rediffmail.com; upefa@upefa.com; upefaspo@gmail.co

| | | |
|---|---|---|
| | 4- Districtwise data on utilized Funds at district level with remaining no. of toilets yet to be constructed under SSA; | वर्ष 2012–13 में जनपदों द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शौचालयों का निर्माण विद्यालय प्रबन्ध समिति के माध्यम से कराये जा रहे हैं तथा धनराशि विद्यालय प्रबन्ध समितियों को जनपद स्तर से हस्तान्तरित की गयी है। कार्य अभी गतिमान है। धनराशि के व्यय की सूचना कार्य पूर्ण होने के उपरान्त उपभोग प्रमाण–पत्र वित्तीय वर्ष समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त किया जाता है। |
| | 5- copy of prescribed Procedure that was to be followed in allocation of work, standard of material used, process of obtaining proper sanction and detailed design of the toilets that was prepared; | शौचालय की डिजाइन की छायाप्रति संलग्न है। |
| **B** | 1- Construction of new school building; | वर्ष 2007–2008 से 2011–12 तक 15018 नवीन प्राथमिक विद्यालयों के सापेक्ष 10143 विद्यालयों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जो 67.53 % है तथा शेष निर्माणाधीन हैं।<br>13212 नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सापेक्ष 12609 विद्यालयों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जो 95.4 % प्रतिशत है तथा शेष निर्माणाधीन हैं। |
| | 2- Construction of extra classes in (existing) school; | वर्ष 2007–2008 से 2011–12 तक 115398 अतिरिक्त कक्षा–कक्षों के सापेक्ष 112079 अतिरिक्त कक्षा–कक्षों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जो 97.12 % है तथा शेष निर्माणाधीन हैं। |
| | 3- Hand Pumps installation | वर्ष 2007–2008 से 2011–12 तक 550 हैण्डपम्प स्थापना के सापेक्ष 491 हैण्डपम्प की स्थापना पूर्ण की जा चुकी है, जो 89.27 % प्रतिशत है, शेष का कार्य गतिमान है। |
| | 4-Appointment of Teachers and 'Shiksha Mitras' | सर्व शिक्षा अभियान एवं बेसिक शिक्षा निदेशालय के शिक्षा मित्रों का कुल लक्ष्य 172389 है जिसके सापेक्ष 169202 शिक्षामित्र कार्यरत है जो कुल लक्ष्य का 98% है। वर्तमान में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षामित्रों की नियुक्ति बन्द कर दी गयी है।<br>शिक्षक भर्ती प्रक्रिया निदेशक, बेसिक शिक्षा द्वारा की जाती है। अतः यह सूचना उनके द्वारा दी जायेगी। |
| **C** | Name of NGO with details of Financial aid given by the department, clearly indicating the purpose of the aid; | सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उक्त अवधि में निर्माण कार्य ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यम से कराया गया है, स्वैच्छिक संस्थाओं को निर्माण हेतु कोई धनराशि नहीं दी गयी है। |

**संलग्नकःयथोपरि।**

भवदीया,

11.1.13

**(ममता अग्रवाल)**

जनसूचना अधिकारी